Dainik Jagran, New Delhi
Tuesday, 12th May 2020; Page: 3
Width: 5.47 cms; Height: 16.54 cms; a4; ID: 42.2020-05-12.26

शराब के शौकीनों को नहीं मिल रहा मनपसंद ब्रांड

राज्य ब्यूरो,नई दिल्ली: राजधानी की शराब की दुकानों में ब्रांडेड शराब की किल्लत हो गई है। शराब के शौकीनों को मनपसंद ब्रांड की जगह दूसरे ब्रांड से काम चलाना पड़ रहा है। यह स्थिति राजधानी की अधिकतर दुकानों पर बनी हुई है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन बेवरेज कंपनी के महासचिव विनोद गिरि कहते हैं कि दुकानों में ब्रांडेड शराब की किल्लत हो रही है, लेकिन गोदामों में शराब का पर्याप्त स्टॉक है। उन्होंने बताया कि गोदाम से दुकानों तक शराब की आपूर्ति में कुछ अड़चनें आ रही हैं। मजदूर मिलने में दिक्कत होने के कारण भी ऐसी स्थिति बनी हुई है।

दिल्ली में 172 सरकारी दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई है। इसमें से 28 दुकानें शारीरिक दूरी के नियम पूरा नहीं होने के कारण खुल नहीं पा रही है। वहीं, केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार सरकार ने 45 निजी दुकानों का सर्वे पूरा कर लिया है। हालांकि सरकार 17 मई तक किसी नई दुकान को खोलने के पक्ष में नहीं है।